**NEWS CLIPPING: 14.08.2021**

**THE TRIBUNE**

# ADMISSIONS INVITED FOR FOREIGN PUPILS

**Faridabad:** JC Bose University of Science and Technology, YMCA, has invited online applications for admissions under foreign category to its various undergraduate and postgraduate courses for the academic year 2021-22. The last date to apply is September 15. A total of 15 per cent seats in engineering courses and 5 per cent seats in non-engineering courses have been made reserved for foreign students. The prospectus is available on university website www.jcboseust.ac.in.

The Tribune Sat, 14 August 2021
https://epaper.tribunei

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 14.08.2021**

## PUNJAB KESARI

# जेसी बोस विश्वविद्यालय में मुख्यमंत्री करेंगे 70 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण

फरीदाबाद, 13 अगस्त (पूजा शर्मा): हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल 15 अगस्त, 2021 को अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद में लगभग 70 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। भारत की आजादी की 75वीं वर्षगांठ को देशभर में अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल स्वतंत्रता का उत्सव नहीं है, बल्कि यह विकास के पथ पर नए आयाम स्थापित करने का भी दिन है ताकि आने वाली पीढ़ी के लिए एक बेहतर कल का निर्माण किया जा सके। इसी के दृष्टिगत विश्वविद्यालय ने 15 अगस्त, 2021 को लोकार्पण समारोह का आयोजन किया है तथा इस दिन को विकास पर्व के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इस दिन मुख्यमंत्री विश्वविद्यालय में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे, जिनमें से अधिकांश परियोजनाओं की आधारशिला 2017 में उनके द्वारा रखी गई थी। परियोजनाओं में दो बहुमंजिला इमारतें विज्ञान खंड और आवासीय परिसर, स्वर्ण जयंती द्वार, अत्याधुनिक डिजिटल स्टूडियो और रॉयल एनफील्ड ट्रेनिंग सेंटर (कौशल विकास) शामिल हैं। मुख्यमंत्री विश्वविद्यालय के कुलगीत



*नए विज्ञान खण्ड का चित्र।*

**आजादी के अमृत महोत्सव पर विश्वविद्यालय में 'लोकार्पण समारोह' का आयोजन**

तथा विश्वविद्यालय के इतिहास, गतिविधियों एवं उपलब्धियों पर आधारित एक कॉफी टेबल बुकलेट का विमोचन भी करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री फरीदाबाद-गुरूग्राम मार्ग पर बनने वाले विश्वविद्यालय के नये कैंपस को लेकर प्रगति का जायजा भी लेंगे। इस अवसर पर ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर विशिष्ट अतिथि रहेंगे। समारोह में हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, फरीदाबाद क्षेत्र के स्थानीय विधायकों के अलावा कई अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहेंगे। लोकार्पण समारोह को विश्वविद्यालय के इतिहास का महत्वपूर्ण दिन बताते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि मौजूदा सरकार के विगत 6 वर्षों में विश्वविद्यालय में जितना विकास हुआ है, उतना पहले कभी नहीं हुआ। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि 20 एकड़ क्षेत्र में स्थापित जे.सी. बोस विश्वविद्यालय ने तकनीकी शिक्षा में अपनी अलग छाप छोड़ी है। हालांकि, जगह की कमी को देखते हुए विश्वविद्यालय ने नई बहुमंजिला भवन सुविधाओं के साथ लम्बवत विस्तार पर बल दिया है।

नई परियोजनाओं के बारे में विस्तार से बताते हुए उन्होंने बताया कि लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित नौ मंजिला विज्ञान खण्ड में भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित, पर्यावरण विज्ञान एवं इंजीनियरिंग जैसे विज्ञान विभागों की जरूरतों को पूरा करेगा। इस भवन में 24 लैब और 21 क्लासरूम सुविधा विकसित की गई हैं। इसके अलावा, विज्ञान खण्ड के भूतल पर 2 करोड़ रुपए की लागत से एक अत्याधुनिक डिजिटल स्टूडियो की स्थापना भी की है। यह स्टूडियो विद्यार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण और अनुभव प्रदान करने के साथ-साथ संबंधित क्षेत्रों की परियोजनाओं पर काम करने तथा अध्ययन के लिए आनलाइन कंटेंट तैयार करने में मददगार साबित होगा।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009

SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006

Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)


**NEWS CLIPPING: 14.08.2021**

## SATYAJAY TIMES

# जे.सी. बोस विश्वविद्यालय में मुख्यमंत्री करेंगे 70 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण

फरीदाबाद, 13 अगस्त, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल 15 अगस्त को अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद में लगभग 70 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। भारत की आजादी की 75वीं वर्षगांठ को देशभर में अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है।



इस संबंध में जानकारी देते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल स्वतंत्रता का उत्सव नहीं है, बल्कि यह विकास के पथ पर नए आयाम स्थापित करने का भी दिन है ताकि आने वाली पीढ़ी के लिए एक बेहतर कल का निर्माण किया जा सके। इसी के दृष्टिगत विश्वविद्यालय ने 15 अगस्त, 2021 को लोकार्पण समारोह का आयोजन किया है तथा इस दिन को विकास पर्व के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इस दिन मुख्यमंत्री विश्वविद्यालय में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे, जिनमें से अधिकांश परियोजनाओं की आधारशिला 2017 में उनके द्वारा रखी गई थी। परियोजनाओं में दो बहुमंजिला इमारतें विज्ञान खंड और आवासीय परिसर, स्वर्ण जयंती द्वार, अत्याधुनिक डिजिटल स्टूडियो और स्किल एनफील्ड ट्रेनिंग सेंटर (कौशल विकास) शामिल हैं। मुख्यमंत्री विश्वविद्यालय के कुलगीत तथा विश्वविद्यालय के इतिहास, गतिविधियों एवं उपलब्धियों पर आधारित एक कॉफी टेबल बुकलेट का विमोचन भी करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री फरीदाबाद-गुरुग्राम मार्ग पर बनने वाले विश्वविद्यालय के नये कैंपस को लेकर प्रगति का जायजा भी लेंगे। इस अवसर पर ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर विशिष्ट अतिथि रहेंगे। समारोह में हरियाणा के कैबिनेट मंत्री श्री मूलचंद शर्मा, फरीदाबाद क्षेत्र के स्थानीय विधायकों के अलावा कई अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहेंगे। लोकार्पण समारोह को विश्वविद्यालय के इतिहास का महत्वपूर्ण दिन बताते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि मौजूदा सरकार के विगत 6 वर्षों में विश्वविद्यालय में जितना विकास हुआ है, उतना पहले कभी नहीं हुआ। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि 20 एकड़ क्षेत्र में स्थापित जे.सी. बोस विश्वविद्यालय ने तकनीकी शिक्षा में अपनी अलग छाप छोड़ी है। हालांकि, जगह की कमी को देखते हुए विश्वविद्यालय ने नई बहुमंजिला भवन सुविधाओं के साथ लम्बवत विस्तार पर बल दिया है। नई परियोजनाओं के बारे में विस्तार से बताते हुए उन्होंने बताया कि लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित नौ मंजिला विज्ञान खण्ड में भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित, पर्यावरण विज्ञान एवं इंजीनियरिंग जैसे विज्ञान विभागों की जरूरतों को पूरा करेगा।

इस भवन में 24 लैब और 21 क्लासरूम्स सुविधा विकसित की गई हैं। इसके अलावा, विज्ञान खण्ड के भूतल पर 2 करोड़ रुपये की लागत से एक अत्याधुनिक डिजिटल स्टूडियो की स्थापना भी की है। यह स्टूडियो विद्यार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण और अनुभव प्रदान करने के साथ-साथ संबंधित क्षेत्रों की परियोजनाओं पर काम करने तथा अध्ययन के लिए आनलाइन कंटेंट तैयार करने में मददगार साबित होगा। इसी प्रकार लगभग 45 करोड़ रुपये की लागत से बहुमंजिला आवासीय परिसर का निर्माण किया गया है।

**NEWS CLIPPING: 14.08.2021**

**THE PIONEER**

# मुख्यमंत्री करेंगे 70 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण

## आजादी के अमृत महोत्सव पर विश्वविद्यालय में 'लोकार्पण समारोह' का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल 15 अगस्त, 2021 को अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद में लगभग 70 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। भारत की आजादी की 75वीं वर्षगांठ को देशभर में अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल स्वतंत्रता का उत्सव नहीं है, बल्कि यह विकास के पथ पर नए आयाम स्थापित करने का भी दिन है ताकि आने वाली पीढ़ी के लिए एक बेहतर कल का निर्माण किया जा सके। इसी के दृष्टिगत विश्वविद्यालय ने 15 अगस्त, 2021 को लोकार्पण समारोह का आयोजन किया है तथा इस दिन को विकास पर्व के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इस दिन मुख्यमंत्री विश्वविद्यालय में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे, जिनमें से अधिकांश परियोजनाओं की आधारशिला 2017 में उनके द्वारा रखी गई थी। परियोजनाओं में दो बहुमंजिला इमारतें विज्ञान खंड और आवासीय परिसर, स्वर्ण जयंती द्वार, अत्याधुनिक डिजिटल स्टूडियो और रॉयल एनफील्ड ट्रेनिंग सेंटर (कौशल विकास) शामिल हैं। मुख्यमंत्री विश्वविद्यालय के कुलगीत तथा विश्वविद्यालय के इतिहास, गतिविधियों एवं उपलब्धियों पर आधारित एक कॉफी टेबल बुकलेट का विमोचन भी करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री फरीदाबाद-गुरुग्राम मार्ग पर बनने वाले विश्वविद्यालय के नये कैंपस को लेकर प्रगति का जायजा भी लेंगे।

इस अवसर पर ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर विशिष्ट अतिथि रहेंगे। समारोह में हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, फरीदाबाद क्षेत्र के स्थानीय विधायकों के अलावा कई अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहेंगे।

नई परियोजनाओं के बारे में विस्तार से बताते हुए उन्होंने बताया कि लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित नौ मंजिला विज्ञान खण्ड में भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित, पर्यावरण विज्ञान एवं इंजीनियरिंग जैसे विज्ञान विभागों की जरूरतों को पूरा करेगा। इस भवन में 24 लैब और 21 क्लासरूम सुविधा विकसित की गई हैं। इसके अलावा, विज्ञान खण्ड के भूतल पर 2 करोड़ रुपये की लागत से एक अत्याधुनिक डिजिटल स्टूडियो की स्थापना भी की है। यह स्टूडियो विद्यार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण और अनुभव प्रदान करने के साथ-साथ संबंधित क्षेत्रों की परियोजनाओं पर काम करने तथा अध्ययन के लिए आनलाइन कंटेंट तैयार करने में मददगार साबित होगा।

इसके अलावा, विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती द्वार का उद्घाटन भी मुख्यमंत्री द्वारा किया जायेगा। विभिन्न क्षेत्रों में विश्वविद्यालय के छात्रों की उत्कृष्टता का प्रतीक के रूप में इस स्थापित स्वर्ण जयंती द्वार का निर्माण पूर्व छात्र संघ - वाईएमसीए मॉब द्वारा किया गया है। विद्यार्थियों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए मोटरसाइकिल निर्माण कंपनी रॉयल एनफील्ड के सहयोग से विकसित प्रशिक्षण केंद्र का लोकार्पण भी भी मुख्यमंत्री द्वारा किया जाएगा।



### विश्वविद्यालय के इतिहास का महत्वपूर्ण दिन

**लोकार्पण** समारोह को विश्वविद्यालय के इतिहास का महत्वपूर्ण दिन बताते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि मौजूदा सरकार के विगत छह वर्षों में विश्वविद्यालय में जितना विकास हुआ है, उतना पहले कभी नहीं हुआ। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि 20 एकड़ क्षेत्र में स्थापित जेसी बोस विश्वविद्यालय ने तकनीकी शिक्षा में अपनी अलग छाप छोड़ी है। हालांकि, जगह की कमी को देखते हुए विश्वविद्यालय ने नई बहुमंजिला भवन सुविधाओं के साथ लम्बवत विस्तार पर बल दिया है।

### 45 करोड़ की लागत से बहुमंजिला आवासीय परिसर का निर्माण होगा

**इसी** प्रकार लगभग 45 करोड़ रुपये की लागत से बहुमंजिला आवासीय परिसर का निर्माण किया गया है। दो नौ मंजिला इमारतों के साथ गेटेड आवासीय परिसर विश्वविद्यालय के शिक्षकों और कर्मचारियों को आवासीय सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। इस परिसर में 3 बीएचके और 2 बीएचके फ्लैट विकसित किये गये हैं जोकि सभी बुनियादी सुविधाओं जैसे मॉड्यूलर किचन, लिफ्ट, पावर बैक-अप, स्टिल्ट और बेसमेंट पार्किंग से सुसज्जित हैं। परिसर में विदेशी विद्यार्थियों के लिए छात्रावास की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009

SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006

Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)


**NEWS CLIPPING: 14.08.2021**

## HINDUSTAN

आजादी के अमृत महोत्सव पर विश्वविद्यालय में लोकार्पण समारोह होगा, 70 करोड़ की परियोजनाओं में रॉयल एनफील्ड ट्रेनिंग सेंटर भी शामिल

# वाईएमसीए में मुख्यमंत्री अत्याधुनिक डिजिटल स्टूडियो का शुभारंभ करेंगे

**सौगात**

फरीदाबाद | **कार्यालय संवाददाता**

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल 15 अगस्त को जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए में लगभग 70 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। शुक्रवार को जारी बयान में कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने यह जानकारी दी।

कुलपति ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस केवल स्वतंत्रता का उत्सव नहीं है, बल्कि यह विकास के पथ पर नए आयाम स्थापित करने का भी दिन है ताकि आने वाली पीढ़ी के लिए एक बेहतर कल का निर्माण किया जा सके। इसी के तहत विश्वविद्यालय ने 15 अगस्त को लोकार्पण समारोह का आयोजन किया है तथा इस दिन को विकास पर्व के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इस दिन मुख्यमंत्री कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे, जिनमें अधिकांश परियोजनाओं की आधारशिला 2017 में रखी गई थी।

**छात्रों को होगा लाभः** कुलपति ने बताया कि लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित नौ मंजिला विज्ञान खण्ड में भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित, पर्यावरण विज्ञान एवं इंजीनियरिंग जैसे विज्ञान विभागों की जरूरतों को पूरा करेगा। इस भवन में 24 लैब और 21 क्लासरूम सुविधा विकसित की गई हैं। इसके अलावा, विज्ञान खण्ड के भूतल पर 2 करोड़ रुपये की लागत से एक अत्याधुनिक डिजिटल स्टूडियो की स्थापना भी की है। यह ऑनलाइन कंटेट तैयार करने में मददगार साबित होगा। वहीं, 45 करोड़ रुपये से बहुमंजिला आवासीय परिसर का निर्माण किया गया है। दो नौ मंजिला इमारतों के साथ गेटेड आवासीय परिसर शिक्षकों और कर्मचारियों को आवासीय सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। इस परिसर में 3 बीएचके और 2 बीएचके फ्लैट विकसित किये गये हैं जोकि सभी बुनियादी सुविधाओं जैसे मॉड्यूलर किचन, लिफ्ट, पावर बैक-अप, स्टिल्ट और बेसमेंट पार्किंग से सुसज्जित हैं। परिसर में विदेशी विद्यार्थियों के लिए छात्रावास की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।



### इन परियोजनाओं को मिलेगी गति

कुलपति ने बताया कि परियोजनाओं में दो बहुमंजिला इमारतें विज्ञान खंड और आवासीय परिसर, स्वर्ण जयंती द्वार, अत्याधुनिक डिजिटल स्टूडियो और रॉयल एनफील्ड ट्रेनिंग सेंटर (कौशल विकास) शामिल हैं। मुख्यमंत्री विश्वविद्यालय के कुलगीत तथा विश्वविद्यालय के इतिहास, गतिविधियों एवं उपलब्धियों पर आधारित एक कॉफी टेबल बुकलेट का विमोचन भी करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री फरीदाबाद-गुरुग्राम मार्ग पर बनने वाले विश्वविद्यालय के कैंपस को लेकर प्रगति का जायजा भी लेंगे। इस दौरान ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर विशिष्ट अतिथि रहेंगे। साथ ही कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा और विधायक मौजूद रहेंगे।


**NEWS CLIPPING: 14.08.2021**

## NAVBHARAT TIMES

# विकास कार्यों को मिलेगी गति, कल वाईएमसीए पहुंचेंगे सीएम

## फरीदाबाद-गुड़गांव रोड पर बनने वाले नए कैंपस की प्रगति का लेंगे जायजा

एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद



**जेसी बोस** यूनिवर्सिटी में 15 अगस्त को 70 करोड़ की लागत से बनी विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया जाएगा। यूनिवर्सिटी प्रबंधन के अनुसार आजादी की 75वीं वर्षगांठ को देश भर में अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इसी के तहत सीएम मनोहर लाल यूनिवर्सिटी में इन परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने बताया कि यूनिवर्सिटी में 15 अगस्त को लोकार्पण समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह दिन विकास पर्व के रूप में मनाया जाएगा। इस दौरान सीएम यूनिवर्सिटी में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे, जिनमें से अधिकांश परियोजनाओं की आधारशिला 2017 में सीएम द्वारा ही रखी गई थी। इनमें विज्ञान खंड, आवासीय परिसर, स्वर्ण जयंती द्वार, अत्याधुनिक डिजिटल स्टूडियो व रॉयल एनफील्ड ट्रेनिंग सेंटर शामिल है। मुख्यमंत्री यूनिवर्सिटी के कुलगीत और यूनिवर्सिटी के इतिहास, गतिविधियों व उपलब्धियों पर आधारित एक कॉफी टेबल बुकलेट का विमोचन भी करेंगे। सीएम फरीदाबाद-गुड़गांव रोड पर बनने वाले यूनिवर्सिटी के नए कैंपस को लेकर प्रगति का जायजा भी लेंगे।

**NEWS CLIPPING: 14.08.2021**

**AMAR UJALA**

# जेसी बोस में परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे सीएम

**फरीदाबाद।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल 15 अगस्त को अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में जेसी बोस विश्वविद्यालय में लगभग 70 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। नई परियोजनाओं में विज्ञान खंड, आवासीय परिसर, स्वर्ण जयंती द्वार और कौशल विकास शामिल हैं।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल स्वतंत्रता का उत्सव नहीं है, बल्कि यह विकास के पथ पर नए आयाम स्थापित करने का भी दिन है। इसी के दृष्टिगत विश्वविद्यालय ने 15 अगस्त को लोकार्पण समारोह का आयोजन किया है। इस दिन मुख्यमंत्री विश्वविद्यालय में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। जिनमें से अधिकांश परियोजनाओं की आधारशिला 2017 में उनके द्वारा रखी गई थी। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING: 14.08.2021**

**DAINIK BHASKAR**

# जेसी बोस यूनिवर्सिटी में सीएम कल करेंगे 70 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण

**फरीदाबाद|** सीएम मनोहर लाल 15 अगस्त को अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में करीब 70 करोड़ रुपए की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार के अनुसार समारोह में सीएम विज्ञान खंड और आवासीय परिसर, स्वर्ण जयंती द्वार, अत्याधुनिक डिजिटल स्टूडियो और रॉयल एनफील्ड ट्रेनिंग सेंटर का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद सीएम फरीदाबाद-गुरूग्राम मार्ग पर यूनिवर्सिटी के नए कैंपस की प्रगति का जायजा भी लेंगे। इस दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने नई परियोजनाओं के बारे में बताया कि 20 करोड़ की लागत से निर्मित नौ मंजिला भवन विज्ञान खण्ड में भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित, पर्यावरण विज्ञान एवं इंजीनियरिंग जैसे विज्ञान विभागों की जरूरतों को पूरा करेगा।